विशेषध्यानाकर्षण/ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांक: प्राशिप/अनु03/परी0दिस0–2024/ 12305 **लखनऊः दिनांकः–** 21/03/2025

विषयः विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप/अनु03/पुनर्मूल्यांकन दिस0–2024/12289, दिनांक 21/03/2025 जो विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 का पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के संबंध में प्रेषित किया गया है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

अवगत कराना है कि प्रधानाचार्य/निदेशक, अपने समस्त स्टॉफ को साथ लेकर अपनी संस्था के छात्र/छात्राओं के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम की काउंसिलिंग करें। पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम की कांउसिलिग के दौरान यदि परीक्षा परीणाम में किसी प्रकार की विसंगति का पता चलता है तो संस्था प्रधानाचार्य द्वारा विसंगति के संबंध में परिषद कार्यालय ईमेल आई0डी0 bteanu3@gmail.com पर पत्र प्रेषित करते हुए अवगत कराया जाये। संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक द्वारा किसी भी छात्र/छात्रा को परिषद कार्यालय में न भेजा जाये। छात्र/छात्राओं को अवगत करायें कि जो छात्र/छात्रायें किसी विषय विशेष में नियमित अंक प्राप्त करने से वंचित रह गये हैं उन्हें मई–जून में होने वाली प्रस्तावित परीक्षा में अवसर प्रदान किया जायेगा। चूंकि विगत परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के उपरान्त छात्र/छात्राओं द्वारा अनुचित तरीके से प्रदर्शन किया गया था, अतः इस प्रकार की कोई घटना इस बार घटित न होने पायें।

अतः निर्देशित किया जाता है कि छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाये कि वे किसी भी स्थिति में परिषद कार्यालय में उपस्थित न हों। यदि किसी भी संस्था का कोई छात्र–छात्रा परीक्षा परिणाम के संबंध में सीधे परिषद कार्यालय उपस्थित होता है तो यह मान लिया जायेगा कि आप द्वारा छात्र/छात्राओं के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम की कांउसिलिंग नहीं की गयी है। ऐसी स्थिति में परिषद कार्यालय संबंधित छात्र और संस्था प्रधानाचार्य के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रबंधन की होगी।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0 प्राशिप/अनु03/परी0दिस0–2024/ 12306–07 **तददिनांकः–** 21/03/2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ उपरोक्त के संबंध में अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव